G

# त्रैमासिक परीक्षा 2025

## हिन्दी - 10

समय 3 घंटा | पूर्णांक-75

निर्देश– (1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप-प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं।(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक कुल 12 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं।(4) प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं।(5) प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक कुल 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं। (6) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए है।

---

प्र01. सही विकल्प चुनकर लिखिए–

(1) हिंदी साहित्य का स्वर्ण युग कहलाता है–
(1) आदिकाल (2) भक्तिकाल (3) रीतिकाल (4) आधुनिक काल

(2) सूर के पद में भाषा है–
(1) ब्रजभाषा (2) मैथिली (3) खड़ी बोली (4) बघेली

(3) 'रसात्मकं वाक्यं काव्यं' परिभाषा किस आचार्य की है–
(1) आचार्य जगन्नाथ (2) आचार्य मम्मट
(3) आचार्य विश्वनाथ (4) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(4) सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा किस वस्तु से बनी थी–
(1) मिट्टी से (2) प्लास्टिक से (3) धातु से (4) संगमरमर से

(5) संधि के भेद होते हैं–
(1) 2 (2) 3 (3) 4 (4) 5

(6) 'मइयाँ चावल अमनिया कर रही थी' अमनिया का अर्थ है–
(1) फटकना (2) साफ करना (3) चुनना (4) धोना

प्र02. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(1) गोपियों ने मधुकर संबोधन..............के लिए दिया। (कृष्ण/उद्धव)
(2) नायक–नायिका के संयोग या वियोग का वर्णन..............रस में होता है। (श्रृंगार/शांत)
(3) छन्द..............प्रकार के होते हैं। (दो/पाँच)
(4) जीवनी गद्य की एक..............विद्या है। (प्रमुख/गौण)
(5) 'विद्यालय' शब्द में..................सन्धि है। (स्वर/व्यंजन)
(6) भोलानाथ के पिता आटे की गोलियाँ..................को खिलाते थे। (मछलियाँ/चीटियों)

प्र03. सत्य/असत्य लिखिए–

(1) अच्छे लोग परहित के लिए दौड़े चले आते हैं।
(2) वार्णिक छन्द में गण का बहुत महत्व है।

https://www.mpboardonline.com

(3) नेताजी की मूर्ति संगमरमर की थी।

(4) कैप्टन चश्मे वाला आजाद हिन्द फौज का सिपाही था।

(5) 'लोक+उक्ति' से मिलकर लोकोक्ति शब्द बना है।

(6) तारकेश्वरनाथ ही भोलानाथ थे।

**प्र04. सही जोड़ी बनाइये–**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | सूर के पद | – (1) चार |
| (2) | माता का आँचल | – (2) प्रतिमा पर चश्मा |
| (3) | कैप्टन चश्मे वाला | – (3) दोहरा लाभ होना |
| (4) | रस के अंग | – (4) शिवपूजन सहाय |
| (5) | लोकोक्ति को कहते हैं | – (5) सूरदास |
| (6) | आम के आम गुठलियों के दाम | – (6) लोगों द्वारा कहा गया कथन |

**प्र05. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए–**

(1) पद्य साहित्य के इतिहास को कितने भागों में विभाजित किया गया है ?

(2) अनुभाव किसे कहते है।

(3) रिपोर्ताज़ किस भाषा का शब्द है।

(4) दो स्वरों के आपस में मिलने पर कौन–सी संधि होगी ?

(5) हिन्दी की स्मरणशिल्प में लिखा गया पहला उपन्यास कौन सा माना जाता है ?

(6) 'अमोला' किसे कहते हैं ?

प्र06. रीतिकालीन कोई दो कवियों के नाम उनकी एक–एक रचना के साथ लिखिए।
अथवा नई कविता की कोई दो विशेषताएँ/प्रवृत्तियाँ लिखिए।

प्र07. सूरदास अथवा तुलसीदास की की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए–(1) दो रचनाएँ (2) भावपक्ष–कलापक्ष (3) साहित्य में स्थान

प्र08. गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है ?
अथवा उद्धव के व्यवहार की तुलना किस–किस से की गई है ?

प्र09. 'राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद' पाठ के आधार पर राम के स्वभाव की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
अथवा लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या–क्या विशेषताएँ बताई ?

प्र010. करूण रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।
अथवा वीर रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र011. स्थायी भाव और संचारी भाव में कोई दो अन्तर लिखिए।
अथवा महाकाव्य और खण्डकाव्य में कोई दो अंतर लिखिए।

प्र012. हिन्दी गद्य की प्रमुख विधाओं और गौण विधाओं के नाम लिखिए।
अथवा रेखाचित्र और संस्मरण में कोई दो अंतर लिखिए।

https://www.mpboardonline.com

प्र013. स्वयं प्रकाश अथवा रामवृक्ष बेनीपुरी की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए– (1) दो रचनाएँ (2) भाषा–शैली (3) साहित्य में स्थान

प्र014. कैप्टन बार–बार मूर्ति पर चश्मा क्यों लगा देता होगा ? इस पर अपने विचार लिखिए।
अथवा मूर्ति पर लगा सरकंडे का चश्मा क्या उम्मीद जगाता है ?

प्र015. बालगोबिन भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेला क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ? लिखिए।
अथवा बोलगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के अचरज का कारण क्यों थी ? लिखिए।

प्र016. निम्नलिखित समास का विग्रह कर उसका नाम लिखिए– (कोई–2)
(1) रसोईघर (2) यथाशक्ति (3) महाकवि (4) माता–पिता

प्र017. 'माता का आँचल' पाठ में शिशु का नाम भोलानाथ कैसे पड़ा ?
अथवा भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जता है ?

**प्र018. निम्नलिखित काव्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए–**

मन की मन ही माँझ रही।
कहिए जाइ कौन पै ऊधौ, नाहीं परत कही।
अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिधा सही।
अब इन जोग सँदेसनि सुनि–सुनि, बिरहिनि बिरह दही।
चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं, उत तैं धार बही।
'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यौं, मरजादा न लही।।

अथवा

लखन कहा हसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना।।
का छति लाभु जून धनु तोरें। देखा राम नयन के भोरें।।
छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू। मुनि बिनु काज करिअल कत रोसू।।
बोले चितै परसु की ओरा। रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा।।

**प्र019. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए–**

हालदार साहब को हर पंद्रहवें दिन कंपनी के काम के सिलसिले में उस क़स्बे से गुजरना पड़ता था। कस्बा बहुत बड़ा नहीं था। जिसे पक्का मकान कहा जा सके वैसे कुछ ही मकान और जिसे बाजार कहा जा सके वैसा एक ही बाजार था। कस्बे में एक लड़कों का स्कूल, एक लड़कियों का स्कूल, एक सीमेंट का छोटा–सा कारखाना, दो ओपन एयर सिनेमाघर और एक ठो नगरपालिका भी थी। नगरपालिका थी तो कुछ न कुछ करती भी रहती थी। कभी कोई सड़क पक्की करवा दी, कभी कुछ पेशाबघर बनवा दिए, कभी कबूतरों की छतरी बनवा दी तो कभी कवि सम्मेलन करवा दिया।

अथवा

बोलगोबिन भगत मँझोले कद के गोर–चिट्टे आदमी थे। साठ से ऊपर के ही होंगे। बाल पक गए थे। लंबी दाढ़ी या जटाजूट तो नहीं रखते थे, किंतु हमेशा उनका चेहरा सफेद बालों से ही

https://www.mpboardonline.com

जगमग किए रहता। कपड़े बिल्कुल कम पहनते। कमर में एक लंगोटी–मात्र और सिर में कबीरपंथियों की सी कनफटी टोपी। जब जाड़ा आता, एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते। मस्तक पर हमेशा चमकता हुआ रामानंदी चंदन, जो नाक के एक छोर से ही, औरतों के टीके की तरह, शुरू होता। गले में तुलसी की जड़ों की एक बेडौल माला बाँधे रहते।

प्र020. धूम्रपान को रोकने के लिए उसकी हानियाँ बताते हुए एक विज्ञापन 25 से 50 शब्दों में तैयार कीजिए।

प्र021. निम्नलिखित अपठित काव्यांश अथवा गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।
लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती।
नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है।
चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है।
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है।
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती।
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।

प्रश्न– (1) चींटी की मेहनत बेकार क्यों नहीं होती ?
(2) 'कोशिश' का पर्यायवाची शब्द लिखिए।
(3) काव्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

**अथवा**

मनुष्य स्वभाव से ही सौन्दर्य खोजता है। घी का लड्डू टेढ़ा भी मीठा ही होता है, पर मनुष्य गोल बनाकर उसे सुन्दर कर लेता है। उच्छृंखल व्यक्ति की अपेक्षा अनुशासित व्यक्ति में सौन्दर्य बोध उच्च कोटि का होता है। बिगड़े दिमाग का युवक परायी बहू–बेटियों के घूरने को भी सौन्दर्य–बोध कहा करता है, परन्तु यह संसार की सर्वाधिक असुंदर बात है। वास्तविक सौन्दर्य बोध में मर्यादा, संयम, अपनत्व एवं सेवा का सामंजस्य अवश्य विद्यमान रहता है।

प्रश्न– (1) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।
(2) संसार की सर्वाधिक असुंदर बात क्या है ?
(3) किस प्रकार के व्यक्ति में उच्च कोटि का सौन्दर्य–बोध होता है।

प्र022. अपने विद्यालय के प्राचार्य को शाला शुल्क से मुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखिए।
**अथवा** समय के सदुपयोग और परिश्रम पर बल देते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

प्र023. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए–
(1) विद्यार्थी जीवन में नैतिक मूल्यों का महत्व
(2) प्रदूषण नियंत्रण: कारण एवं निदान
(3) मानव जीवन की प्रगति में कम्प्यूटर
(4) जल ही जीवन है

https://www.mpboardonline.com